राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## रक्षाबंधन पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 29 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने देश और प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन पर्व (30 अगस्त) की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने राखी के धागों की तरह प्रेम और विश्वास के बंधन में सम्पूर्ण समाज को जोड़ने का संकल्प लेने आह्वान किया है। राज्यपाल श्री मिश्र ने भाई–बहन के रिश्ते की पवित्रता, आत्मीयता और स्नेह से जुड़े इस पर्व पर कामना की है कि यह सभी के जीवन में हर्ष और उल्लास का संचार करे।

————

## संस्कृत दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 29 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने संस्कृत दिवस (30 अगस्त) पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने संस्कृत को भारतीय संस्कृति से जुड़ी जीवंत भाषा बताते हुए इसके महत्व का प्रसार करने का आह्वान किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि प्राचीन भारतीय ज्ञान विज्ञान से जुड़ी इस भाषा की धरोहर को अनुवाद के जरिए अधिकाधिक उपलब्ध कराने की आवश्यकता है।

———

## संस्कृत दिवस पर राज्यपाल के संदेश का दूरदर्शन व आकाशवाणी पर प्रसारण

जयपुर, 29 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र के संस्कृत दिवस पर प्रदेशवासियों के नाम संदेश का प्रसारण दूरदर्शन व आकाशवाणी से होगा। दूरदर्शन पर बुधवार सायं 6:55 पर और आकाशवाणी के राजस्थान स्थित सभी केन्द्रों से बुधवार सायं 8 बजे इस संदेश का प्रसारण किया जाएगा।

————